Regn. No ...........

9934790522
8578930505
7903501524

D.G.E.&T, भारत सरकार से मान्यता प्राप्त

# सृजन (प्रा०) औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान

# ITI (NCVT Course)

प्रहलादपुर, पो०-मुशहरी, मुजफ्फरपुर

## ट्रेड- फिटर, इलेक्ट्रीशियन

₹ 400/- (General, OBC, EBC)
₹ 250/- ( SC, ST, आदिवासी )



Website : www.srijanprivateiti.in
Email : info@srijanprivateiti.in
mukeshk24h@gmail.com

## Prospectus
## नियमावली

# सृजन (प्रा०) औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान

# ITI

## प्रस्तावना

सृजन फाउंडेशन (ट्रस्ट), सेक्सन 60 डीड सं0 3499, स्टाम्प एक्ट, 1899 के अंतर्गत बिहार सरकार के द्वारा पंजिकृत सहकारी संस्था है। जिसके अन्तर्गत सृजन (प्रा0) औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान (I.T.C) प्रहलादपुर, मुशहरी, मुजफ्फरपुर संचालित होता है, जिसकी मान्यता भारत सरकार, श्रम मंत्रालय के डायरेक्टर जनेरल नियोजन एवं प्रशिक्षण, नई दिल्ली के पत्रांक संख्या.............................................. के द्वारा फिटर, इलेक्ट्रीशियन, में मान्यता प्राप्त है। संस्था का मूल उद्देश्य समाज में व्यावसायिक शिक्षा का चहुँमुखी विकास करना है। सामान्य शिक्षा के बाद बेरोजगार छात्र/छात्रा तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर स्वयं को अत्म-निर्भर बना सकते हैं तथा राष्ट्र के औद्योगिक कौशल विकास में सहयोग कर सकते हैं। साथ ही स्वरोजगार के द्वारा बेरोजगारी दूर कर सकते हैं। संस्थान में सुशिक्षित एवं कुशल प्रशिक्षक के द्वारा आधुनिक तकनीकी जानकारी दी जाती है। संस्थान गरीब एवं इच्छुक छात्र-छात्राओं को रियायती शिक्षा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। संस्थान में आधुनिक प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर लैब की व्यवस्था है।

संस्थान में प्रशिक्षण के उपरांत प्रक्षिणार्थी को अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में सम्मिलित होना पड़ता है, जहाँ से सफल होने के बाद आई.टी.आई. उत्तीर्ण का प्रमाण-पत्र भारत सरकार **D.G.E.&T.(N.C.V.T.)** द्वारा दिया जाता है। जिसकी मान्यता सम्पूर्ण भारत एवं विदेशों में है।

संस्थान में श्रम नियोजन निदेशालय के निर्देशानुसार आरक्षण की विधिवत व्यवस्था है। जिसमें हरिजन, आदिवासी, अल्पसंख्यक, विकलांग, महिला, भुतपूर्व सैनिकों के आश्रित के सीटें आरक्षित हैं। उपर्युक्त कोटि के उम्मीदवार नहीं मिलने पर वरीयता क्रम से सामान्य कोटि के उम्मीदवारों का नामांकन किया जायेगा ताकि अर्थाभाव में प्रशिक्षण बाधित न हो।

**व्यवस्थापक**

**सृजन (प्रा०) औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान**

प्रहलादपुर, पो०-मुशहरी, मुजफ्फरपुर (बिहार)

## संस्थान में प्रवेश की शैक्षिणिक योग्यता

(क) आवेदक को मैट्रिक पास होना चाहिए। माध्यमिक परीक्षा में गणित एवं प्राकृति विज्ञान के साथ उत्तीर्ण अथवा समकक्ष परीक्षा में गणित, भौतिक एवं रसायन विज्ञान में अलग-अलग उत्तीर्ण होना चाहिए।

(ख) नामांकन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। 50 अंक की परीक्षा गणित, विज्ञान एवं समाजिक अध्ययन की होगी। उसमें प्राप्तांक के आधार पर ही नामांकन कियाच जाएगा। परीक्षा शुल्क 100/- रु. देय होगा।

## संस्थान में प्रवेश की उम्र सीमा

(क) **01.08-2022** को संस्थान में नामांकन के लिए सीमा 14 से 20 वर्ष तक होनी चाहिए।

(ख) हरिजन एवं आदिवासी छात्रों की अधिकतम उम्र **01.08-2022** को 45 वर्ष तक होनी चाहिए।

(ग) भूतपूर्व सैनिक की अधिकतम उम्र **01.08-2022** को 45 वर्ष तक होनी चाहिए।

## नामांकन एवं प्रशिक्षण शुल्क विवरणी

| | | |
|---|---|---|
| कॉशनमनी शुल्क (प्रमाण पत्र के समय वापसी) | - | रु0 250/- |
| द्वितीय वर्ष प्रैक्टीकल शुल्क | - | रु0 2000/- |
| प्रशिक्षण मासिक शुल्क प्रति माह | - | रु0 600/- |

नोट : परीक्षा पंजीयन एवं फार्म भरने का शुल्क अलग से देय होगा।

## (UNIFORM) पोशाक

| | | |
|---|---|---|
| शर्ट | स्काई ब्लू | **Sky Blue** |
| पैन्ट | नेवी ब्लू | **Navy Blue** |
| जूता | काला | **Black** |
| मोजा | ब्राउन | **Brown** |
| स्वेटर | ब्राउन | **Brown** |

## प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा का प्रोग्राम

A. मासिक परीक्षा : प्रत्येक माह के 25 तारीख को संस्थान द्वारा ली जाती है। जिसका परीक्षाफल डाक द्वारा प्रशिक्षणार्थी के अभिभावक/पिता को दी जाती है।

B. त्रैमासिक परीक्षा : प्रत्येक तीन माह पर संस्थान द्वारा आयोजित कराई जाती है।

C. संस्थान में उपस्थिति 80 प्रतिशत से कम होने पर अतिरिक्त ब्सें कराने की व्यवस्था है जिसके लिए अलग से शुल्क रु0 2000/- देय होगा। 80 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर किसी भी परिस्थिति में फार्म नहीं भरा जाएगा।

नोट : अंतिम अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा का फार्म भरते समय संस्थान की किसी प्रकार का शुल्क बाकी नहीं होना चाहिए।

# संस्थान का नियम

1. संस्थान दो पाली में चलता है। प्रथम पाली सुबह 7 बजे से 2 बजे तक एवं द्वितीय पाली 10 बजे नि से संध्या 5 बजे तक चलता है।
2. संस्थान में नामांकन के लिए 14 वर्ष से 40 वर्ष तक का उम्र 01.08.20 को होना चाहिए। हरिजन एवं आदिवासी छात्रों के लिए अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष है।
3. संस्थान ठीक समय पर पहुँचे। केन्द्र पहुँचने के पश्चात् आप अपने ट्रेड में चले जाए। केन्द्र अहाते में व्यर्थ घुमना, शोर मचाना उचित नहीं है।
4. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रतिदिन डायरी एवं पुस्तकें साथ लाना है, बिना डायरी एवं पुस्तकों के क्लास करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
5. अध्ययन काल में प्राचार्य के अनुमति के पश्चात् ही अभिभावक, अनुदेशकों एवं प्रशिक्षणार्थी से मिल सकते हैं।
6. कोई भी प्रशिक्षणार्थी अध्ययन अवधि में अनुदेशक एवं प्राचार्य के अनुमति के बिना केन्द्र को नहीं छोड़ सकते हैं।
7. प्रशिक्षणार्थी की उपस्थिति 80 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। जिसकी पुरी जिम्मेवारी प्रशिक्षणार्थी पर होगी।
8. अगर कोई प्रशिक्षणार्थी केन्द्र में विलम्ब से पहुँचता है तो अनुदेशक एवं प्राचार्य की अनुमति से ही क्लास में बैठ सकता है। अगर प्रशिक्षणार्थी निरंतर विलम्ब से पहुँचा है तो, तीसरी बार अभिभावक को साथ लाने पर क्लास करने की अनुमति दी जायेगी।
9. संस्थान में प्रक्षिणार्थी को 12 दिन आकस्मिक अवकास एवं 15 दिन मेडिकल छुट्टी दी जाती है। मेडिकल छुट्टी के लिए डॉक्टर का प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा क्लास करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
10. संस्थान से बिना सूचना के 10 दिन अनुपस्थित होने पर नाम काट दिया जायेगा।
11. प्रशिक्षण शुल्क 1 से 10 तारीख तक जमा करें अन्यथा बिलम्ब शुल्क प्रतिदिन पाँच रूप्या की दर से देय होगा तथा माह के अंतिम दिन तक शुल्क जमा न करने पर अगले माह से क्लास करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
12. संस्थान की सम्पत्ति नष्ट करने या चुराये जाने पर प्रशिक्षणार्थी उसकी क्षतिपूर्त्ति करेंगे।
13. संस्थान में अनुशासन और नैतिकता के प्रतिकूल किसी प्रकार का आचरण केन्द्र से निष्कासन का कारण होगा।

14. संस्थान में कीमती सामान नहीं लायें। खोये हुए समान के प्रति संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

15. संस्थान में प्रति माह मासिक परीक्षा एवं तीन माह पर त्रैमासिक परीक्षा होगी। परीक्षा फल पर पिता या अभिभावक का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

16. संस्थान में नामांकन के समय मूल अंक पत्र एवं स्कूल या कॉलेज परित्याग प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य है।

17. प्रशिक्षण सामाप्त होने के पूर्व जमा मूल प्रमाण-पत्र नहीं लौटाया जायेगा। विशेष परिस्थिति में पूर्ण प्रशिक्षण शुल्क जमा करने के बाद ही मूल प्रमाण-पत्र लौटाने पर विचार किया जायेगा।

18. मूल प्रमाण-पत्र जमा करने से पूर्व आवश्यकतानुसार फोटोस्टेट कराक रख लें।

19. नामांकन होने के बाद नामांकन शुल्क या अन्य शुल्क किसी परिस्थिति में लौटाने या स्थानान्तरित करने का प्रावधान नहीं है।

20. संस्थान में पुस्कालय उपलब्ध है। केन्द्र में जमा राशि 100 रू० (Security) के रूप में जमा करने के बाद पुस्तकें दी जायेगी। जमा राशि प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने के बाद लौटायी जायेगी।

21. आपके द्वारा जमा किया गय सभी मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन कराया जायेगा। गलत या जाली प्रमाण-पत्र धारकों को संस्थान से निष्कासित करते हुए उसके उपर कानूनी कारवाई की जायेगी।

22. जाति-प्रमाण पत्र जिलाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा निर्गत मान्य होगा।

23. नामांकन के लिए उपस्थिति होने पर किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

24. कौशनमनी आई० टी० आई० का प्रमाण-पत्र प्राप्त करते समय लौटाया जायेगा। बशर्त्ते संस्थान का कोई सामान टुटा या भूला नहीं हो। बीच में संस्थान छोड़ने पर कौशनमनी वापस नहीं होगा।

25. संस्थान द्वारा दूर से आने - जाने वाले प्रशिक्षणार्थियों हेतु रेलवे रियायती फार्म उपलब्ध कराया जाता है।

26. कल्याण विभाग (बिहार सरकार) द्वारा हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़ी जाति के प्रशिक्षाणार्थी को छात्रवृति भी दी जाती है।

27. संस्थान के संपत्ति को किसी तरह की नुकसान करने पर आर्थिक दंड लगाया जा सकता है और बिना किसी चेतावनी की संस्थान से निष्कासित की जा सकती है।

28. विशेष प्राचार्य के आदेश से लागू होगा।

# ट्रेड - इलेक्ट्रीशियन

प्रशिक्षण अवधि - 2 वर्ष

प्रशिक्षण का विषय :

01. इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग विषय की सम्पूर्ण जानकारी।
02. विभिन्न प्रकार के तार ज्वाइन्ट, लुज वायरिंग, पाइप वायरिंग, केशिंग कैपींग, वायरिंग, हाउस वायरिंग विभिन्न प्रकार के विद्युत कनेक्सन आदि की जानकारी।
3. विद्युत के औजार जैसे मेगर, इलेक्ट्रीक मशीन ट्रेनर, टेकोमीटर, वाटमीटर, फिक्वेन्सीमीटर, ऑमीटर, वोल्टमीटर, इनर्जी मीटर पावर फैक्टर मीटर आदि का संचालन, रख-रखाव एवं निर्माण की जानकारी।
04. विभिन्न प्रकार के डी0 सी0 मशीन (मोटर एवं जनेरेटर), ए0 सी0 मशीन (मोटर एवं जनेरेटर), अलटरनेटर के संपूर्ण कार्य प्रणाली एवं रख-रखाव की जानकारी।
05. ट्रान्सफॉर्मर, मोटर, पंखा, गीजर, हीटर, ऑयरन, हॉट प्लेट एवं विद्युत से चलने वाले सभी प्रकार के घरेलु उपकरण के मरम्मत करने एवं निर्माण की जानकारी।
06. विद्युत के जेनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्टीब्युशन एवं इलुमिनेशन की जानकारी।
07. बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स की जानकारी।

## नियोजन

1. रेलवे ड्राइवर (लोके पायलट), टेक्नीशियन के रूप में।
2. देश-विदेश के सभी इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एप्लीकेन्स बनाने वाली कम्पनी में सर्विस इंजिनियर के रूप में।
3. विद्युत वर्कशॉप के सुपरवाइजर, क्वालिटी कन्ट्रोलर, फोरमैन एवं चार्ज मैन के रूप में।
4. विभिन्न राज्य के विद्युत बोर्ड में तकनीशियन, वरीय मिस्त्री, विद्युत ऑपरेटर, वायरमैन के रूप में।
5. विभिन्न सरकारी प्राइवेट एजएए, पोलीटेकनीक, इंजिनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रशियन अनुदेशक के रूप में।
6. कम पैसे में स्वरोजगार।

# ट्रेड - फिटर

प्रशिक्षण अवधि - 2 वर्ष

प्रशिक्षण का विषय :

01. मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषय की सम्पूर्ण जानकारी।
02. मैजरिंग, मार्किंग, कटिंग टूल एवं अन्य टूल्स की जानकारी।
03. हैक्साविंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, रीमिंग, टैपिंग एवं स्क्रैपिंग इत्यादि विधि से मशीन के पार्ट्स बनाने की जानकारी।
04. सूंक्ष्म मापक औजार **(Precision Measuring Instruments)** मेटल का ज्ञान, इंजिनियरिंग ड्राईंग, वर्कशॉप कॉलकुलेशन इत्यादी की जानकारी।
05. विभिन्न मशीन जैसे लेथ, ड्रीलिंग, वेल्डिंग, ग्राइन्डिंग, शीट मेटल, फोर्जिंग, पलम्बर के कार्यों के साथ विभिन्न प्रकार के मशीनों का कटिंग स्पीड, फीड, कट की गहराई, थ्रेड एवं गीयर कॉलकुलेशन की जानकारी के साथ-साथ मशीनों के मेटेन्स की जानकारी दी जाती है।
06. कम समय में एक्यूरेट कार्य करने की जानकारी।
07. स्वरोजगार **(Self Employment)** की जानकारी।

## फिटर का नियोजन (Employment) :-

1. रेलवे लोको पायलट, (ड्राइवर) एवं टेक्नीशियन के रूप में।
2. विभिन्न सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेकनिक एवं आई.टी.आई. में अनुदेशक के रूप में।
3. किसी भी कारखाने में वर्कशॉप सुपरवाइजर, फोरमैन, चार्जमैन के रूप में।
4. सेना, शीप यार्ड, हवाई जहाज बनाने के कारखाने, रक्षा **(defence)** एवं अनुसंधान विभाग **(Research)** कारखानों के टेक्नीशियन के रूप में।
5. लेथ, वेल्डिंग, सी.एन.सी. मशीन ऑपरेटर के रूप में।
6. कारखाना खोल कर स्वयं एवं अन्य साथियों को नियोजित करना।

# Infrastructure Details

| | Space | Square Meters |
|---|---|---|
| A. | Total Area | 975.62 |
| B. | Covered Area | 906.70 |
| C. | Total Class Rooms Area | 123.70 |
| D. | Total Workshops Area | 430.96 |
| E. | Computer Lab | 53.98 |
| F. | Library | 18.75 |
| G. | Store | 18.14 |
| H. | Staff Room | 16.10 |
| I. | Principal Room | 18.45 |
| J. | Office | 15.48 |
| K. | Dispensary | 8.38 |
| L. | Toilet Set ( GF + SF ) | 17.38 |
| M. | Conference Hall | 34.09 |
| N. | Passage (GF+FF+SF) | 96.18 |
| O. | Verandah | 27.21 |
| P. | Stairs (GF+FF+SF) | 27.90 |

# परीक्षा का अंक विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Paper-I** | | | |
| Trade Theory | - | 150 | ( 20 अंक सेशनल ) |
| Employbility Skills | - | 50 | |
| **Paper - II** | | | |
| W/s Calculation & Science | - | 75 | ( 10 अंक सेशनल ) |
| Engg. Drawing | - | 75 | ( 20 अंक सेशनल ) |
| Practical | - | 270 | ( 30 अंक सेशनल ) |
| | | 700 | |

व्यवस्थापक :
सृजन (प्रा०) औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान
प्रहलादपुर, पो०-मुशहरी, मुजफ्फरपुर

DESIGNED BY :- DESIGN DREAMS

Published by SRIJAN ITI